Total No. of Printed Pages—8

**HS/XII/A/h/21**

**2021**

## HINDI ( ELECTIVE )

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) कवि वेदना को छिपाने के लिए, उसे रोकने के लिए गीत गाना चाहता है।

(ख) 'यह दीप अकेला' कविता में 'दीप' समाज का प्रतीक है।

(ग) लक्ष्मीपुर में पुरानी परिपाटी के एक बहुत ही प्रतिभाशाली कवि रहते थे, जिनका नाम था वामनाचार्य गिरि।

(घ) वैदिककाल के हिन्दू ढेले छुआकर स्वयं पत्नीवरण करते थे।

(ङ) सत्य कभी दिखता है और कभी ओझल हो जाता है।

(च) लेखक संघ की पत्रिका का नाम 'नयी तालीम' था।

(छ) 'बालक बच गया' निबंध का मूल प्रतिपाद्य है शिक्षा ग्रहण की सही उम्र।

(ज) लेखक सेवाग्राम 1948 के आसपास गए थे।

(झ) सूरदास की झोंपड़ी जगधर ने जलाई थी।

(ञ) रूप सिंह पूरे ग्यारह साल बाद अपने गाँव लौट रहा था।

(ट) 'प्रेमघन की छाया-स्मृति' एक संस्मरणात्मक निबंध है।

(ठ) महीप 'सूरदास की झोंपड़ी' का पात्र है।

**2.** निम्नलिखित शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **दस**) : $1 \times 10 = 10$

(लोकसेवा, सामाजिक, आर्थिक, फ़ारसी, माही, स्वागत, सत्य, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, बालक बच गया, आरोहण, यास्सेर अराफ़ात, घड़ीसाज़ी)

(क) पंडित नेहरू काश्मीर यात्रा पर आए थे जहाँ उनका भव्य _____ हुआ था।

(ख) रामचन्द्र शुक्ल के पिताजी _____ के अच्छे ज्ञाता और पुरानी हिन्दी कविता के बड़े प्रेमी थे।

(ग) बालक ने सीखा-सिखाया उत्तर दिया कि मैं यावज्जन्म _____ करूँगा।

(घ) _____ का रूप, वस्तु, स्थिति और घटनाओं, पात्रों के अनुसार बदलता रहता है।

(ङ) 'यह दीप अकेला' कविता के माध्यम से अज्ञेय ने व्यक्तिगत सत्ता को _____ सत्ता के साथ जोड़ने पर बल दिया है।

(च) 'गीत गाने दो मुझे' नामक कविता _____ की रचना है।

(छ) _____ के नेतृत्व में फ़िलिस्तीनी अस्थायी सरकार काम कर रही थी।

(ज) अनाड़ी के हाथ में चाहे घड़ी मत दो पर जो _____ का इम्तहान पास कर आया है उसे तो देखने दो।

(झ) सूरदास जगधर से अपनी _____ हानि को गुप्त रखना चाहता था।

(ञ) _____ कहानी में लेखक ने पर्वतारोहण की ज़रूरत और वर्तमान समय में उसकी उपयोगिता को रेखांकित किया है।

(ट) 'सुमिरिनी के मनके' रचना में _____ नामक लघु निबंध संकलित है।

(ठ) रूप सिंह अपने गाँव _____ लौटा था।

**3.** सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) ''यह अंकुर-फोड़ धरा को रवि को तकता निर्भय।'' यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* सत्य

*(ii)* गीत गाने दो मुझे

*(iii)* यह दीप अकेला

*(iv)* देवसेना का गीत

(ख) 'सूरदास की झोंपड़ी' मुंशी प्रेमचंद के किस उपन्यास का एक अंश है?

*(i)* निर्मला

*(ii)* रंगभूमि

*(iii)* कर्मभूमि

*(iv)* सेवासदन

(ग) 'आरोहण' नामक कहानी के लेखक कौन हैं?

*(i)* संजीव

*(ii)* प्रेमचंद

*(iii)* प्रभाष जोशी

*(iv)* विश्वनाथ त्रिपाठी

(घ) युधिष्ठिर की माँ का नाम क्या था?

*(i)* देवकी

*(ii)* यशोदा

*(iii)* सुमित्रा

*(iv)* कुंती

(ङ) ''वे आपके ही नहीं, हमारे भी नेता हैं। उतने ही आदरणीय जितने आपके लिए।'' यह कथन किसका है?

*(i)* यास्सेर अराफ़ात

*(ii)* महात्मा गाँधी

*(iii)* नेहरू

*(iv)* राजेंद्र बाबू

(च) ''बुझ गई है लौ पृथा की,
जल उठो फिर सींचने को''—प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन हैं?

*(i)* सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

*(ii)* विष्णु खरे

*(iii)* अज्ञेय

*(iv)* जयशंकर प्रसाद

(छ) 'प्रेमघन की छाया-स्मृति' नामक पाठ में प्रेमघन किसका नाम है?

*(i)* भारतेंदु हरिश्चंद्र

*(ii)* पं० बदरीनाथ गौंड

*(iii)* भगवानदास जी हालना

*(iv)* उपाध्याय बदरीनारायण चौधरी

(ज) 'मर्चेंट ऑफ वेनिस' नामक नाटक के रचयिता कौन हैं?

*(i)* भारतेन्दु हरिश्चंद्र

*(ii)* रामकुमार वर्मा

*(iii)* शेक्सपीयर

*(iv)* उपेन्द्रनाथ अश्क

(झ) 'सुमिरिनी के मनके' नाम से कितने लघु निबंध हैं?

*(i)* दो

*(ii)* तीन

*(iii)* चार

*(iv)* पाँच

(ञ) सेवाग्राम में लेखक की मुलाकात किससे हुई थी?

*(i)* नेहरू

*(ii)* यास्सेर अराफ़ात

*(iii)* शेख अब्दुल्ला

*(iv)* महात्मा गाँधी

(ट) निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास प्रेमचंद का है?

*(i)* रंगभूमि

*(ii)* तमस

*(iii)* त्यागपत्र

*(iv)* बाबा बटेसरनाथ

(ठ) मुक्त छंद के प्रवर्तक कौन हैं?

*(i)* विष्णु खरे

*(ii)* सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

*(iii)* सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन

*(iv)* जयशंकर प्रसाद

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *एक-एक* वाक्य में दीजिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) 'ठग-ठाकुरों' से कवि का संकेत किसकी ओर है?

(ख) 'गीत' और 'मोती' की सार्थकता किससे जुड़ी है?

(ग) धर्म के संबंध में नेहरू जी ने किसके द्वारा लिखी हुई कहानी सुनाई थी?

(घ) बचपन में लेखक के मन में भारतेन्दु जी के संबंध में कैसी भावना जगी रहती थी?

(ङ) लेखक ने धर्म का रहस्य जानने के लिए किस वस्तु का दृष्टांत दिया है?

(च) लेखक ट्यूनीसिया क्यों गए थे?

(छ) 'युधिष्ठिर जैसा संकल्प' से क्या अभिप्राय है?

(ज) महीप कौन था?

(झ) सुभागी कौन थी तथा रातभर वह कहाँ छिपी बैठी थी?

(ञ) बालक द्वारा इनाम में लड्डू माँगने पर लेखक ने सुख की साँस क्यों भरी?

(ट) लेखक सेवाग्राम क्यों गया था?

(ठ) जगधर के चरित्र की एक विशेषता लिखिए।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *दो-दो* वाक्यों में दीजिए (कोई **पाँच**) : 2×5=10

(क) अभिधा शब्दशक्ति की परिभाषा लिखिए।

(ख) रस के कितने अंग हैं? उनके नाम लिखिए।

(ग) लक्षणा शब्दशक्ति को परिभाषित कीजिए।

(घ) स्थायी भाव का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) निम्नलिखित रसों का स्थायी भाव लिखिए :

*(i)* श्रृंगार रस

*(ii)* वात्सल्य रस

(च) शब्दशक्ति किसे कहते हैं?

(छ) व्यंजना शब्दशक्ति की परिभाषा लिखिए।

**6.** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) चोट खाकर राह चलते
होश के भी होश छूटे,
हाथ जो पाथेय थे, ठग-
ठाकुरों ने रात लूटे,
कंठ रुकता जा रहा है,
आ रहा है काल देखो।

**अथवा**

हम कह नहीं सकते
न तो हममें कोई स्फुरण हुआ और न ही कोई ज्वर
किंतु शेष सारे जीवन हम सोचते रह जाते हैं
कैसे जानें कि सत्य का वह प्रतिबिंब हममें समाया या नहीं
हमारी आत्मा में जो कभी-कभी दमक उठता है
क्या वह उसी की छुअन है।

**अथवा**

यह समिधा—ऐसी आग हठीला बिरला सुलगाएगा।
यह अद्वितीय—यह मेरा—यह मैं स्वयं विसर्जित—
यह दीप, अकेला, स्नेह भरा
है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो।

(ख) आज का कबूतर अच्छा है कल के मोर से,
आज का पैसा अच्छा है कल के मोहर से।
आँखों देखा ढेला अच्छा ही होना चाहिए लाखों
कोस की तेजः पिण्ड से!

**अथवा**

चौधरी साहब से तो अब अच्छी तरह परिचय हो गया था। अब उनके यहाँ मेरा जाना एक लेखक की हैसियत से होता था। हम लोग उन्हें एक पुरानी चीज़ समझा करते थे। इस पुरातत्त्व की दृष्टि में प्रेम और कुतूहल का एक अद्‌भुत मिश्रण रहता था।

**अथवा**

गिरजे में अँधेरा है, श्रद्धालु जा चुके हैं, दरवाजा बंद है। कभी सिर के बल खड़े होकर, कभी तरह-तरह अंगचालन करते हुए बड़ी तन्मयता के साथ एक के बाद एक करतब दिखाता है यहाँ तक कि हाँफने लगता है।

**7.** 'गीत गाने दो मुझे' नामक कविता की मूल संवेदना लिखिए। 9

**अथवा**

'सत्य' कविता का मूल भाव लिखिए।

**अथवा**

अज्ञेय की कविता 'यह दीप अकेला' के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

**8.** 'प्रेमघन की छाया-स्मृति' नामक पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 9

**अथवा**

'बालक बच गया' नामक निबंध का सारांश लिखिए।

**अथवा**

लेखक का गाँधीजी के साथ व्यतीत किए गए क्षणों का अनुभव अपने शब्दों में लिखिए।

**9.** 'सूरदास की झोंपड़ी' नामक पाठ का भाव-सार अपने शब्दों में लिखिए। 8

**अथवा**

'आरोहण' पाठ के आधार पर भूप दादा के चरित्र का विवेचन कीजिए।

**अथवा**

'आरोहण' नामक कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *200* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) प्रिय कवि

(ख) प्रदूषण

(ग) भारतीय संस्कृति

(घ) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व

(ङ) मेघालय का प्राकृतिक सौन्दर्य

★★★